न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी जिला कलक्टर बाड़मेर

सूचना अधिकार अपील/139/2022

अपीलांट भेराराम पुत्र भानाराम
निवासी ग्राम पोस्ट नोखड़ा पं.स. आडेल जिला बाड़मेर

बनाम

राज्य लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, बाड़मेर

<u>आदेश</u>

दिनांक : 26.12.2022

अपीलार्थी भेराराम पुत्र भानाराम निवासी ग्राम पोस्ट नोखड़ा पं.स. आडेल जिला बाड़मेर ने यह प्रथम अपील उत्तरदाता अतिरिक्त जिला कलक्टर, बाड़मेर के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत इस कार्यालय में दिनांक 06.12.2022 को प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी द्वारा अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्रार्थना–पत्र व्यक्तिशः उपस्थित होकर/पंजीबद्ध डाक/ऑनलाईन प्रस्तुत कर उनके कार्यालय से सम्बन्धित सूचना चाही गई। राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर वांछित सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है, फलस्वरूप यह प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। अपील के संलग्न राज्य लोक सूचना अधिकारी को प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र की प्रति दिनांक 28.10.2022 संलग्न किया गया है।

अपीलार्थी की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेंट राज्य लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, बाड़मेर को जरिये नोटिस मय अपील की प्रति भिजवाते हुए टिप्पणी रिपोर्ट चाही गई। रेस्पोडेंट द्वारा लिखित जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उनके कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत अपीलांट का कोई प्रार्थना–पत्र प्राप्त होना नहीं पाया गया है और न ही इस संबंध में प्रार्थी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की कोई प्राप्ति रसीद भी उपलब्ध करवाई गई है। लिहाजा प्रस्तुत अपील दाखिल दफ्तर फरमाई जावे।

हमने प्रस्तुत अपील का अवलोकन किया जिससे यह पाया जाता है कि रेस्पोडेंट द्वारा अपीलांट को सूचना का अधिकार आवेदन अप्राप्त होने के कारण कोई सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है। रेस्पोडेंट द्वारा अपीलांट द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध कराया जाना उचित प्रतीत होता है। लिहाजा प्रस्तुत अपील के तथ्यों के अवलोकन एवं विवेचन उपरान्त अपीलार्थी की यह अपील स्वीकार योग्य है।

अतः अपीलार्थी की यह अपील स्वीकार की जाकर अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना [illegible] को उपलब्ध करवाई जाकर प्रार्थना–पत्र का निस्तारण शीघ्र किया जावें। पत्रावली [illegible] निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी [illegible]

Signature Not Verified
Digitally signed by Lok Bandhu
Date: 2023.01.02 15:43:11 IST
Reason: SelfAttested

प्रथम अपील प्राधिकारी
जिला कलक्टर बाड़मेर

जिला कलक्टर
बाड़मेर

न्यायालय जिला कलक्टर बाड़मेर (राज.)